सार-समाचार

लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। कार को रोक किराणा व्यापारी से नकदी लूट की वारदात करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार। पीडित विजय कुमार सिंधी निवासी पावर हाउस के सामने एकलिंगपुरा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 21 जनवरी को मैं कार लेकर माल बेचने के लिए ग्रामीण क्षैत्रों में गया था। सांय वापस लौटते समय देबारी से अहमदाबाद जाने वाले रोड़ पर कार चढाई चढा रहा था। अचानक बाइक सवार ने आकर कार को रूकवाया। एक बदमाश ने आकर बैग छिनने का प्रयास किया तथा चाकू से लेस काट कर बैग छिन ले गए। बैग में करीब 40 हजार रूपये नकदी थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी के निर्देशन में अनुसंधान अधिकारी हेडकांस्टेबल अमरसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर कमलेश उर्फ कम्मु पुत्र रूपलाल निवासी सेमाल थाना गींगला सलूम्बर हॉल कनक हास्पीटल के पीछे हिरणमगरी तथा अर्जुन निवासी आजाद नगर हिरणमगरी को गिरफ्तार किया।

अवैध शराब से भरा कंटेनर जब्त

उदयपुर,(कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब से भरा कंटेनर जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में एएसआई पर्वतसिंह, कांस्टेबल नरेन्द्रसहिं खेड़ा, राजुराम, नरेन्द्रसिंह व रामस्वरूप मय टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मादड़ी इण्डस्ट्रीज एरिया से काला घाटा रोड़ कलडवास पहुचते समय सुखा नाका के समीप नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान मादडी की तरफ से आ रहे कंटेनर को रोक तलाशी ली तो 21 प्लास्टिक के कट्टों में 23 कर्टन अंग्रेजी शराब के पाए गए।

गीतांजली में कार्यशाला संपन्न

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ई.एन.टी. विभाग द्वारा पहली नाक व साईनस की एन्डोस्कोपिक सर्जरी व डिसेक्शन कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला के कोर्स कोरडिनेटर डॉ प्रितोष शर्मा ने बताया कि कार्यशाला के प्रथम चरण में डॉ नितिन शर्मा व डॉ अनामिका ने व्याख्यान दिये। कोर्स के दूसरे चरण में एन्डोस्कोपिक सायन्स सर्जरी की महत्वपूर्ण बातें व बारिकियाँ डॉ. प्रितोश शर्मा द्वारा सिखाई गई। कोर्स में 15 प्रार्थीयों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जो राजस्थान के अलावा गुजरात व मध्य प्रदेश के ई.एन.टी. सर्जन थे। डॉ रिद्धीराज ने मंच संचालन व धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यशाला में प्रार्थीयों ने केडेवर पर नाक व सायनस की एन्डोस्कोपिक सर्जरी सीखी। मेन्टर के रूप में गीतांजली मेडिकल कॉलेज के ई.एन.टी. फेकल्टी के अलावा उदयपुर के समस्त मेडिकल कॉलेज की ई.एन.टी. फेकल्टी मौजूद थी।

अवैध बार संचालक गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध बार का संचालन करने वाले को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक चांदमल सिंगारिया के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत के नेतृत्व में गठित दल ने शुक्रवार रात में गश्त के दौरान फ्रेण्ड जोन कैफे न्यू भुपालपुरा में दबीश देकर अवैध रूप से शराब रखने व बेचने पर कैफे संचालक नागेश पुत्र प्रमोद निवासी भाकर खिरागड आगरा हाल प्रेमनगर रूपसागर रोड़ सुखेर को गिरफ्तार कर मौके से 30 बोतल शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

सामान चोरी

उदयपुर,(कासं)। गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने इण्डसन टावर कंपनी के मैनेजर सावंतसिंह पुत्र भंवरसिंह चौहान की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ 11 फरवरी को काया पहाड़ी पर लगे कंपनी टावर तथा सेठजी की कुण्डाल स्थित टावर से 28 फरवरी को आरआरयू चुरा ले जाने का मामला दर्ज किया।

पेट्रोलपंप पर डकैती की योजना बनाते हिस्ट्रीशीटर सहित आठ गिरफ्तार

■ छह देशी पिस्टल मय 20 कारतूस, कार व एक स्कूटी बरामद

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने सुनसान जगह पर बैठ ढिकली हाइवे रोड़ स्थित भारत पेट्रोलपंप पर डकैती की योजना बनाते हिस्ट्रीशीटर सहित आठ बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 6 देशी पिस्टल मय 20 कारतुस, एक कार व एक स्कूटी बरामद की है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि 2 मार्च को स्पेशल टीम को जरिये मुखबीर से सूरजपोल थाने के हिस्ट्रीशिटर मुजफ्फर उर्फ गोगा अपने 7-8 साथियों के साथ एकांत में बैठ नेशनल हाईवे 27 ढीकली स्थित पेट्रोलपंप पर डकैती की प्लानिंग बनाने की सूचना मिली। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी, डीएसटी टीम प्रभारी देवेन्द्रसिंह देवल, साईबर सैल से एएसआई गजराजसिंह मय टीम मौके पर पहुंचे। रोड़ पर कार व स्कूटी खड़ी मिली तथा कुछ लोग सुनसान जगह बैठ आठ व्यक्ति ढीकली हाइवे पर स्थित भारत पेट्रोलपंप पर डकैती की योजना बना रहे है। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घेरा डाल सभी बदमाशों को दबोच लिया।

पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम मुजफ्फर उर्फ गोगा पुत्र मुश्ताक हुसैन निवासी नायकवाड़ी कुम्हारवाड़ा सूरजपोल बताया जिसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक पिस्टल व मय जिंदा चार राउण्ड मिले। इसके साथ मो. शेरू उर्फ बाबू पुत्र हुसैन खां निवासी बीडा खांजीपीर सूरजपोल के कब्जे से एक देशी पिस्टल मय जिंदा तीन राउण्ड, राजु उर्फ राजकुमार पुत्र धनपाल मीणा निवासी लिम्बदरा फला नेवातलाई जावरमाइंस के कब्जे से एक देशी पिस्टलय मय जिंदा दो राउण्ड, शराफत उर्फ चुहिया पुत्र दिलावर खां निवासी मस्जिद वाली गली दीवानशाह कॉलोनी सूरजपोल के कब्जे से देशी पिस्टल मय जिंदा दो राउण्ड, विजय उर्फ चंदन उर्फ जीजा पुत्र रामजी पासवान निवासी पंजगामा थाना प्रतापपुर जिला छपरा झारखण्ड हाल भीलुडा अरवल्ली गुजरात हाल भीलुराणा कॉलोनी कच्ची बस्ती अम्बामाता के कब्जे से एक पिस्टल मय दो जिंदा राउण्ड, नारू उर्फ नरेश पुत्र केसुलाल कसाटिया निवासी चांगला थाना झाड़ोल के कब्ज से एक देशी पिस्टल मय दो जिंदा राउंड, मनोहरलाल पुत्र कालूजी मेघवाल निवासी सुहावतों का गुड़ा सायरा हॉल नीमच माता मंदिर के पास देवाली अम्बामाता के कब्जे से दो जिंदा राउण्ड, दुर्गेश पुत्र अमरींग मेघवाल निवासी मोडी थाना गोगुन्दा के कब्जे से तीन जिंदा राउण्ड, मिर्ची पाउडर मिला। पूछताछ में डकैती की योजना का खुलासा होने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर हथियार, वाहन जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। आरोपी अवैध हथियार अपने पास रख कर शहर व आस पास क्षैत्र में वारदात करना अपना वर्चस्व जमाने की फिराक मे थे। आरोपी मुजफ्फर सूरजपोल पुलिस थाने का हिस्ट्रीशिटर होकर उसके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखने, लूट, अपहरण डकैती जैसे 40 अपराधिक प्रकरण दर्ज होकर चालान हो चुका है।

मो. शेरू उर्फ बाबू के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखने, लूट, अपहरण डकैती जैसे 39 प्रकरण दर्ज होकर चालान हो चुके है। राजकुमार के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखने, लूट, अपहरण डकैती के 34 प्रकरण दर्ज होकर चालान हो चुके है। सराफत उर्फ चुहिया के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखने, लूट, अपहरण डकैती के दर्ज 12 अपराधिक प्रकरणों में चालान हुए है। नरेश के खिलाफ 7 व विजय के खिलाफ 6 एवं मनोहर के खिलाफ दो अपराधिक प्रकरणों में चालान हुए है। आरोपी राजकुमार उर्फ राजु अम्बामाता एवं विजय उर्फ चंदन उर्फ जीजा पुलिस थाना प्रतापनगर व आबकारी थाना खेरवाडा में वांछित है।

तीन गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने हाइवे पर लूट की वारदात का खुलासा करते हुए इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद किया। आरोपियों ने दो चेन स्नेचिंग की वारदात करना स्वीकार किया। रेखा मोची पत्नी भरत मोची निवासी पुराना बस स्टेण्ड खेरवाड़ा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 24 फरवरी को गोदावरी महादेव मंदिर दर्शन कर वापस लौट रही थी। बीच रास्त में मैं व मेरी देवरानी राधा सडक पर गाडी का इंतजार कर रही थी। बाइक पर आए तीन बदमाश गले से सोने की चेन छीन खेरवाडा की तरफ फरार हो गए। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजरा सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक हेरम्ब जोशी के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल नेटोल नाका कागदर बडला पर मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर घेरा डाल कर बाइक सवार लाला उर्फ लालशंकर पुत्र हुरजी डामोर निवासी मोथली फला पनवा खेरवाड़ा, संजय उर्फ संजु निवासी मोथली फला पनवा खेरवाड़ा, हिमांशु उर्फ नेपाल लिम्बात निवासी बडला फला उपला खेरवाड़ा को गिरफ्तार किया।

'माइनिंग ब्लॉकों की नीलामी का बनेगा मासिक एक्शन'

उदयपुर, (कासं)। आगामी वित्तीय वर्ष में मेजर और माइनर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन का मासिक एक्शन प्लान बनाया जाएगा। निदेशक खान एवं भूविज्ञान भगवती प्रसाद कलाल ने माइंस व भूविज्ञान विभाग के फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड अधिकारी अपने क्षेत्र के मिनरल एक्सप्लोरेशन, डेलिगेशन और ऑक्शन के लिए ब्लॉक तैयार करने का रोडमैप तैयार कर प्रतिमाह ऑक्शन के प्रस्ताव भिजवाएं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर प्रभावी रोक के लिए गेप व खनन क्षेत्रों के ब्लॉकों की नीलामी के कार्य में तेजी लानी होगी।

डीएमजी भगवती प्रसाद कलाल शनिवार को खान एवं भूविज्ञान विभाग के फील्ड अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से रुबरु हो रहे थे। उन्होंने 15 जनवरी से 31 जनवरी तक चले अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यव्यापी संयुक्त अभियान की स्प्रिट को आगे भी बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि अधिकारियों को नियतकालीन अंतराल में औचक निरीक्षण जारी रखने को कहा ताकि खनन माफियाओं पर अंकुश जारी रखा जा सके। उन्होंने विभाग की माइनिंग विंग व जियोलॉजी विंग के बीच बेहतर तालमेल बनाकर खनिज खोज और खनन कार्य को बढ़ावा देने और औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार व राज्य सरकार का रेवेन्यू बढ़ाने के साझा प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि राजस्थान विविध और विपुल खनि संपदा वाला प्रदेश है। खनन माफियाओं द्वारा खनिज ब्लाकों के ऑक्शन को विफल कराने के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर देना होगा। डीएमजी कलाल ने खनन क्षेत्र के पूर्व बकाया राशि की युद्ध स्तर पर वसूली करने के निर्देश दिए और कहा कि वसूली प्रयासों में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजकीय राशि वसूली के लिए सख्ती के साथ ही अप्रिय कार्यवाही भी करनी पड़े तो इसमें कोताही नहीं बरती जाएं। लीजों के बीच गेप एरिया पर हो रहे अवैध खनन की शिकायतों की चर्चा करते हुए कहा कि गेप एरिया के ब्लॉक तैयार कर आक्शन की तैयारी करने को कहा। डीएमजी ने जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित अंतर्विभागीय बैठक में अवैध खनन क्षेत्रों और उन पर कार्यवाही के लिए परस्पर सहयोग व समन्वय पर विस्तार से चर्चा करें ताकि आपसी समन्वय से कार्यवाही की जा सके। उन्होंने आवश्यक विभागीय कार्यों को तय समय सीमा में निपटाने के निर्देश दिए।वीसी में विधान सभा प्रश्नों, संपर्क पोर्टल के प्रकरणों के समयवद्ध निस्तारण, विभिन्न स्तरों से प्राप्त प्रकरणों के समय पर निष्पादन और आधुनिक तकनीक के उपयोग पर जोर दिया।

सार-समाचार

विशेष व्याख्यान का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। एमपीयूएटी के संघटक डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में राजस्थान के डेयरी उद्योग में सम्भावनाओ पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव (पशुपालन एवं डेयरी) डॉ खेमराज ने बतौर मुख्य वक्ता अपनें विचार व्यक्त किये। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ लोकेश गुप्ता ने बताया की महाविद्यालय डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उच्चतम मापदंडों के अनुकूल शिक्षण एवं परामर्श प्रदान कर रहा है। यहां समयानुसार आने वाले तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी बदलावों से विद्यार्थियों को परिचित कराया जाता है ताकि जब वर्षान्त में विद्यार्थी अनुभवात्मक प्रशिक्षण के लिए विभिन्न उद्योगों में जाये तो आधुनिक तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी बदलावों के बारे में अपने ज्ञान को परिष्कृत करने के साथ अपनी शंकाओं का समाधान कर सके। महाविद्यालय में परम्परागत शिक्षा को आधुनिक समय के अनुसार उपलब्ध संसाधनों का समुचित प्रयोग कर विद्यार्थियो के ज्ञान को अनवरत उन्नयन किया जाता है। इस हेतु विभिन्न विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों की ज्ञान पिपासा को पूर्णतया संतुष्ट करने का यह अभिनव प्रयोग है।महाविद्यालय की सह आचार्य एवं अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ निकिता वधावन ने बताया की महाविद्यालय विद्यार्थियो के ज्ञान को अनवरत परिष्कृत करने के लिए कृत संकल्प है। आज के विशेष व्याख्यान का आयोजन उसी संकल्प का क्रियान्वयन है। मुख्य वक्ता डॉ खेमराज ने कहा की डेयरी का क्षेत्र असीमित सम्भावनाओं से भरा है और ऐसा क्षेत्र है जहाँ उद्यमिता और नौकरी दोनों की विपुल संभावनाएं है।

इनामी गैंगस्टर सुमित मांजू गिरफ्तार

जयपुर/ चित्तौड़गढ़, (निसं)। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिसदिनेश एमएन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा गठित एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स प्रदेश में गैंगस्टरों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को एजीटीएफ टीम ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 लाख रुपये के इनामी गैंगस्टर सुमित मांजू निवासी खिदरत थाना बाप जिला फलोदी को चित्तौड़गढ़ जिले में सांवलिया सेठ मंदिर से पकड़ने में सफलता हासिल की है।एडीजी एजीटीएफ दिनेश एमएन ने बताया कि शातिर गैंगस्टर सुमित मांजू के विरुद्ध थाना मंडौर जोधपुर पूर्व, डागियावास जोधपुर, सेन्दडा जिला ब्यावर, शिवपुरा व रायपुर जिला पाली में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, आर्म्स एक्ट, पुलिस कर्मियों व आमजन पर फायरिंग कर जानलेवा हमला व हत्या के कुल 6 अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें से चार में यह वांछित है। एमएन ने बताया कि गंभीर आपराधिक मामलों में 2 साल से फरार चल रहे मोस्ट वान्टेड गैंगस्टर सुमित मांजू की गिरफ्तारी के लिए अगस्त 2023 में पुलिस मुख्यालय से 1 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। इसके एक साथी हनुमान टूटा को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

धोखे से जमीन हड़पी

उदयपुर,(कासं)। सविना थाना पुलिस ने आरोपी व साथियों के खिलाफ पीडित के भूखण्ड पर कब्जा करने का मामला दर्ज किया। जानकारी के अनुसार पीडित डॉ. मनमोहन पुत्र सतीष तिवाड़ी निवासी विनायक नगर नोहरा गणेश मार्ग प्रतापनगर ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैं पैशे से पंजाब में चिकित्सक हूं। 1986 में गोविन्द नगर में भूखण्ड खरीदा था। गत दिनों भूखण्ड पर आकर देखा तो रामसिंह पुत्र उमरावसिंह निवासी गोविंद नगर ने वहां पर टीनशेड लगा दिए। पूछताछ करने पर उसने निलम कुंवर पत्नी भोपालसिंह राव जरिये शेरसिंह राजावत पावर जरिये खरीदना बताया।

ट्रक व टेम्पो चोरी

उदयपुर,(कासं)। शहर के सक्रिय वाहन चोर गिरोह के बदमाश गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र से ट्रक एवं प्रतापनगर थाना क्षैत्र से टेंपों चुरा ले गए। शहर में जारी पुलिस गश्त को चकमा देकर वाहन चोर गिरोह के बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे है। गत दिनों वाहन चोर गिरोह के बदमाश गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र स्टेप बाई स्टेप सकूल के पास से धूलकोट पहाडा रोड़ प्रतापनगर निवासी गोपाल कुमावत पुत्र फूलचंद कुमावत का ट्रक चुरा ले गए।

बागोलिया बांध भरने के सांसद जोशी के प्रयास लाए रंग

उदयपुर, (कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल के मावली दौरे के दौरान क्षेत्रीय सांसद श्री सीपी जोशी ने क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई के पानी की समस्या की ओर ध्यान दिलाते हुए बागोलिया बांध को फीडर के माध्यम से भरने की योजना बनाने का आठाह किया था। इस पर मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर को मौके पर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए योजना की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निर्देशों की पालना में जिला कलक्टर श्री अरविंद पोसवाल शनिवार को बागोलिया बांध पहुंचे। उन्होंने यहां जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर बांध में पानी की आवक को लेकर विभिन्न विकल्पों पर विस्तार से विचार विमर्श किया।

शनिवार दोपहर जिला कलक्टर बागोलिया बांध पहुंचे। यहां पर उन्होने जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों व अधिकारियों के साथ पाल पर करीब डेढ किलोमीटर पैदल चलकर बांध का अवलोकन किया। पाल पर खड़े होकर उन्होने बांध की भराव क्षमता, केचमेंट एरिया, सिंचित क्षेत्र, ओवरफ्लो आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। पास ही बड़ियार ग्राम पंचायत भवन में आयोजित बैठक में उन्होने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय सांसद इस क्षेत्र की पेयजल व सिंचाई जल समस्या के समाधान को लेकर गंभीर है। इसके लिए बजट की कोई समस्या नहीं है। बैठक में प्राप्त विभिन्न सुझावों के आधार पर मुख्य रूप से तीन प्रस्तावों पर विचार किया गया। पहले प्रस्ताव में बागोलिया को उदय सागर से भरे जाने पर चर्चा की गई। विभाग अधिकारियों ने अवगत कराया कि इस संबंध में पूर्व में डीपीआर बनाई गई थी लेकिन बागोलिया बांध को पानी देने पर उदय सागर बांध के नीचे बने हुए बांध वल्लभनगर, बड़गांव एवं बीसलपुर की भराव क्षमता प्रभावित होने के कारण उस डीपीआर को उपयुक्त नहीं माना गया था। इस पर बैठक में उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने कहा कि पूर्व में उदयसागर से 185 एमसीएफटी पानी हिंदुस्तान जिंक को दिया जाता था जो वर्तमान में नहीं दिया जा रहा है। अत: इस पानी को बागोलिया बांध के लिए डाइवर्ट किया जा सकता है। जिला कलक्टर ने इस प्रस्ताव के अनुरूप डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। दूसरा प्रस्ताव में नंद समंद बांध से फीडर निर्माण कर बागोलिया तक पानी लाने पर विचार किया गया। जिला कलक्टर ने इस संबंध में विस्तृत सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु कहा। तीसरे प्रस्ताव के अनुसार माही, अनास बेसिन के अधिशेष पानी को जाखम बांध से जोड़ते हुए जयसमंद, राजसमंद, बड़गांव, मेजा, भोपाल सागर बांध के साथ बागोलिया को भी भरा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रस्ताव अभी सैद्धांतिक स्तर पर ही चल रहा है। बैठक में पूर्व विधायक दलीचंद डांगी, पूर्व उप प्रधान व सरपंच कृष्ण गोपाल पालीवाल सहित बड़ियार, बोर का कुआ, नाई का ढाणा, मरतड़ी, सालेरा खुर्द, फतहपुरा, लदानी, टेरिया सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण उपस्थित थे। जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश टेपण, अधीक्षण अभियंता मनोज जैन, सहायक अभियंता निर्मल मेघवाल, कनिष्ठ अभियंता जगदीश डांगी सहित आदि मौजूद रहे।

11 बाइक जब्त, पांच गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। जिले सहित शहर भर में तेंज रफ्तार बाईक्स अपनी पावर बाईकों पर धुम मचातें नजर आ रहें हैं तो वही, जिले के नये पुलिस कप्तान श्यामसिंह के पदभार के पश्चात अब तेज बाईकर्स एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर पुलिस की कार्यवाही प्रारंभ हो चुकी है।

शहर के विभिन्न मार्गो पर तेज गति से बाईक चलाकर सडक हादसों का शिकार बन रहे युवा जहां अपनी राइडिंग से बाज नहीं आ रहे है। तो वही शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने शहर के रिंग रोड पर पावर बाइको से स्टंट करते 2० वर्षीय पांच युवाओं को गिरफ्तार करने के साथ ही 11 बाइको को जब्त कर लिया है। विगत 22 फरवरी को प्रात:काल समाचार पत्र में प्रकाशित शिर्षक आखिर कब लगेंगी तेज रफ्तार बाईको पर लगाम एवं पावर बाइको पर धूम मचा रहे नौजवान द्वारा खबर को प्रमुखता से रखा था जिसके चलते बाईकर्सो के आतंक के बाद अब पुलिस प्रशासन का शनिवार को असर दिखाई दिया।

देह व्यापार का भंडाफोड़ नाबालिग सहित दो युवतियां डिटेन

■ थाने से कुछ दूरी पर चल रहा था देह व्यापार का कारोबार

■ पुलिस अधीक्षक को मिली सूचना तो देर रात्रि पड़ा छापा

■ मैनेजर गिरफ्तार, शहर में चल रहे स्पा भी संदेह के घेरे में

डूंगरपुर, (निसं)। नये पुलिस अधीक्षक ने पद संभालने के साथ ही शहर सहित जिले भर में संचालित होने वाले अवैध धंधों व कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर सख्त दिशा निर्देश सभी थानाधिकारियों को दे दिये है। और यह भी स्पष्ट कर दिया है कि इसमे किसी प्रकार की कौताही बर्दाश्त नही की जायेगी। साथ ही आम जन को भी यह भरोसा दिला दिया गया है कि सूचना पर कार्यवाही होगी।

इसी के तहत गत रात्रि को जैसे ही पुलिस अधीक्षक को आम आदमी ने सूचना दी कि सदर थाना क्षेत्र के निकट एक होटल में देह व्यापार का कारोबार संचालित हो रहा है। तत्काल पुलिस अधीक्षक ने वृत्ताधिकारी सहित एक विशेष टीम को इस खबर की पुष्टि हेतु कार्यवाही के निर्देश दिये। पुलिस उपाधीक्षक तपेन्द्र मीणा ने भी बोगस ग्राहक के जरिये इस सूचना की पुष्टि के बाद जब छापा डाला तो देह व्यापार में लिप्त दलाल युवती तथा होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया।

उल्लेखनीय है कि शहर की कई होटलो में इस तरह के कारोबार संचालित हो रहे है। और इसके साथ ही पाश्चात्य संस्कृति की तर्ज पर शहर में मसाज पार्लर के नाम से चल रहे स्पाओं में भी इस तरह का गौरखधंधा बेधडक संचालित हो रहा है। लेकिन वे सभी इन कारोबारो को संचालित करने के लिए रसुकातों का उपयोग कर रहे है। शहर में सदर थाने से महज 5०० मीटर की दूरी पर स्थित लक्ष्यदीप एनक्लेव कॉम्पलेक्स पर छापेमारी में देह व्यापार के कारोबार का भंडाफोड हुआ। डीएसपी के नेतृत्व में देर रात होटल पर छापेमारी में 1 नाबालिग सहित 2 युवतियों को पकडा है। वहीं,देह व्यापार करवाने वाले मैनेजर को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक श्यामसिंह ने बताया की शहर में सदर थाना सर्किल के पास स्थित होटल लक्षदीप एनक्लेव में देह व्यापार की सूचना मिली थी। जिस पर डीएसपी तपेंद्र कुमार मीणा ने कोतवाली थाना पुलिस की टीम के साथ होटल पर पहुंचे। पुलिस ने एक कॉन्स्टेबल को सादे कपडों में बोगस ग्राहक बनाकर अंदर भेजा। वहीं, देह व्यापार की पुष्टि होने पर कॉन्स्टेबल के इशारे करते ही पुलिस की टीम अंदर पहुंच गई। इस दौरान पुलिस ने देह व्यापार करते हुए एक नाबालिग सहित 2 युवतियों को डिटेन कर लिया।

होटल मैनेजर गिरफ्तार:-होटल में देह व्यापार करवाने वाले आरोपी होटल मैनेजर विनोद पुत्र अरजी रोत निवासी डोजा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकडी गई युवतियों का डूंगरपुर अस्पताल में मेडिकल मुआयना करवाया। पुलिस जांच में सामने आया है कि करीब 4 महीने से देह व्यापार कारोबार चलाया जा रहा था। पकडी गई दोनों युवतियां 2 दिनो पहले ही आई थीं। इससे पहले दूसरी युवतियां होने की जानकारी भी मिली है। फिलहाल पुलिस मैनेजर से इस रैकेट से जुडे अन्य लोगो की भी तलाश कर रही है। डिटेन की गई एक युवती चित्तौडगढ, एक युवती बांसवाडा जिले की है। डीएसपी तपेंद्र मीणा पूरे मामले की जांच कर रहे है।